**राज्यपाल सचिवालय**

**राजभवन, जयपुर**

## राजभवन में सुन्दरकाण्ड की संगीतमय प्रस्तुति हुई

### राज्यपाल श्री मिश्र ने सुन्दरकाण्ड का पारायण कर सबके मंगल की कामना की

जयपुर, 31 दिसम्बर। राजभवन में रविवार को सुन्दरकाण्ड की संगीतमय प्रस्तुति हुई।

राजभवन के दरबार हॉल में हुए इस संगीतमय अनुष्ठान में राज्यपाल श्री कलराज मिश्र, राज्य की प्रथम महिला श्रीमती सत्यवती मिश्र और दूसरे परिजनों के साथ ही राजभवन के अधिकारी–कर्मचारियो ने सुन्दरकाण्ड का भाव प्रवण पारायण किया।

सुन्दरकाण्ड की संगीतमय प्रस्तुति में भक्त हनुमान के लंका प्रस्थान, विभीषण और सीता से भेंट, सीता को श्री राम की मुद्रिका देने लंका दहन और लंका से वापसी के श्लोक, दोहों और चौपाइयों का मधुर गान हूआ।

राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने सुन्दरकाण्ड को अपूर्व बताया। उन्होंने सुन्दरकाण्ड के पारायण बाद परिजनों सहित राम भक्त हनुमान की विधिवत पूजन और आरती करते हुए सभी के मंगल की कामना की।

-----